

## संक्षिप्त समाचार

### हर्रावाला में सी–टैट व यू–टैट की कोचिंग का सेंटर खुला

**संवाददाता** देहरादून। हर्रावाला, क्षेत्र हरिद्वार रोड़ में गुरूवार को पिनाकल स्टडी सर्कल का विधिवत रूप से शुभारंभ किया गया। सेंटर का उद्घाटन मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित सेवानिवृत्त वरिष्ठ वैज्ञानिक जे0पी0 शर्मा द्वारा किया गया। पिनाकल स्टडी सर्कल की स्थापना का मुख्य उद्देश्य सी–टैट एवं यू–टैट की कोचिंग देने के साथ ही कक्षा नवीं के लिए फाउंडेशन कोर्स करना है, तथा दसवीं से बाहरवीं कक्षाओं हेतु कोचिंग के साथ विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए उत्कृष्ट ट्रेनिंग देना है। उपरोक्त कक्षाओं का संचालन डा0 विनिता वशिष्ठ, प्रचार्या नालन्दा कॉलेज ऑफ एजुकेशन तथा वीरेश्वर विशष्ठ के निरीक्षण में किया जाएगा।

### मुनस्यारी व धारचूला को विंटर गेम्स क्षेत्र घोषित करें सरकारः मार्तोलिया

देहरादून **संवाददाता**। उत्तराखण्ड में हिमपात का होना प्रकृति एंव मानव जीवन के लिए कल्याणकारी है। लेकिन सरकार उत्तराखण्ड में शीतकालीन पर्यटन को विकसित करने में नाकाम रही है, सरकार मुनस्यारी व धारचूला को विंटर स्नो गेम्स क्षेत्र घोषित करें। प्रेस क्लब में आयोजित पत्रकार वार्ता के दौरान यह बात आज उत्तराखण्ड जागरूक नागरिक संगठन के प्रदेश संयोजक व जिला पंचायत सदस्य जगत मार्तोलिया द्वारा कही गयी। उन्होंने कहा कि हिमपात कब पहाड़वासियों के लिए रोजगार रूपी उपहार बनेगा।

### केदारनाथ के रावल भीमाशंकर लिंग का नेपाल दौरे के दौरान हुआ भव्य स्वागत

देहरादून। केदारनाथ के रावल भीमाशंकर लिंग का नेपाल दौरे के दौरान जगह–जगह भव्य स्वागत हुआ। भक्तपुर स्थिति डोलेश्वर महादेव में पूजा अर्चना करने के पश्चात उन्होंने जंगम मठ का निरीक्षण किया। उन्होंने कहा केदारनाथ स्थित भगवान शिव का सिरो भाग नेपाल में है।

### 'डैमेज्ड' का दूसरा सीजन लॉन्च

**संवाददाता** देहरादून। हंगामा डिजिटल मीडिया के स्वामित्व वाले लीडिंग वीडियो ऑन डिमांड प्लेटफॉर्म हंगामा प्ले ने आज अपने ब्लॉकबस्टर हंगामा ओरिजिनल 'डैमेज्ड' का दूसरा सीजन लॉन्च किया। पहले सीजन की ही तरह डैमेज्ड 2 एक साइकोलॉजिकल क्राइम ड्रामा है, जिसकी कहानी के केंद्र में एक मजबूत महिला किरदार मौजूद है। इस सीजन में नई कहानी के साथ हिना खान और अध्ययन सुमन मुख्य भूमिकाओं में नजर आएंगे। स्टोरी में इस बार सुपरनैचुरल तत्वों वाला अतिरिक्त रोमांच डाला गया है।

# सड़क के कटिंग कार्य का स्थलीय निरीक्षण किया

**आश्वासन**

■आश्वासन दिया गया है कि किसी भी मकान को क्षति नहीं होने दी जायेगी



सड़क के कटिंग कार्य का मुआयना करते हुए।

देहरादून। **संवाददाता**

महानगर कांग्रेस के अनुरोध पर जिलाधिकारी देहरादून के निर्देश पर अधिकारियों द्वारा राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या 72 के कि.मी. 143 में हो रहे चौड़ीकरण के लिए ढांग कटिंग कार्य का स्थलीय निरीक्षण किया गया।

ज्ञातव्य हो कि महानगर कांग्रेस अध्यक्ष लालचन्द शर्मा के नेतृत्व में मिले महानगर कांग्रेसजनों के प्रतिनिधिमण्डल ने जिलाधिकारी कार्यालय देहरादून में सिटी मजिस्ट्रेट अनुराधा पाल से मुलाकात कर उन्हें इस सडक के चौडीकरण से लोगों के आवासीय मकानों को हो रहे नुकसान से अवगत कराया था तथा चौडीकरण से पूर्व ढांग पर पुस्ते का निर्माण करवाने का अनुरोध किया था।

सिटी मजिस्ट्रेट द्वारा स्वयं भी स्थलीय निरीक्षण की बात की गई है। कांग्रेसजनों एवं अधिकारियों के स्थलीय निरीक्षण के दौरान देखने में आया कि सडक चौडीकरण के लिए काटी जा रही ढांग के कारण लोगों की अपनी निजी भूमि पर बने मकानों को भारी क्षति हो रही है तथा कभी भी कोई बडी दुर्घटना घट सकती है। इसी को मद्देनजर रखते हुए अधिकारियों द्वारा लोगों से कई मकान भी खाली करा दिये गये हैं। स्थानीय प्रशासन द्वारा आश्वासन दिया गया है कि किसी भी मकान को क्षति नहीं होने दी जायेगी तथा ढांग कटिंग के दौरान ही पुस्ते का निर्माण किया जायेगा। इस दौरान महानगर कांग्रेस अध्यक्ष लालचन्द शर्मा ने स्थानीय लोगों से भी मुलाकात की तथा उनको होने वाली परेशानी से रू–ब–रू हुए।

### सदर तहसील व डीएसओ कार्यालय पुराने भवनों में स्थान्तरित करने की मांग

देहरादून **संवाददाता**। यूकेडी कार्यकर्ताओं ने राजीव गांधी काम्प्लेक्स डिस्पेंसरी रोड से तीसरी व चौथी मंजिल स्थित सदर तहसील व जिला पूर्ति कार्यालय को पुराने भवनों में स्थान्तरित करने की मांग को लेकर धरना दिया। दल के नेताओं का कहना है कि देहरादून की सदर तहसील व जिला पूर्ति कार्यालय राजीव गांधी काम्प्लेक्स डिस्पेंसरी रोड में तीसरी व चौथी मंजिल में संचालित चल रहे हैं। इन दोनों विभागों से आमजनता की रोजमर्रा के कार्य होते हैं। दोनों विभाग तीसरी व चौथी मंजिल में होने के कारण बुजुर्ग, असहाय व विकलांग व्यक्तियों के लिए चढ़ना बहुत मुश्किल हो जाता है।

# ऊर्जा संरक्षण को ऊर्जा के व्यर्थ उपयोग को रोकें: कैबिनेट मंत्री

**सक्षम महोत्सव**

सीएसआईआर–भारतीय पेट्रोलियम संस्थान दून में सक्षम महोत्सव का शुभारम्भ

महोत्सव का आयोजन 16 जनवरी से 15 फरवरी तक होगा

**संवाददाता**



दीप प्रज्वलित कर सक्षम महोत्सव का शुभारम्भ करते कैबिनेट मंत्री सुबोध उनियाल।

देहरादून। पैट्रोलियम एण्ड नेचुरल गैस मंत्रालय की संस्था पैट्रोलियम संरक्षण अनुसंधान संघ द्वारा सीएसआईआर–भारतीय पेट्रोलियम संस्थान देहरादून में सक्षम महोत्सव का शुभारम्भ किया गया। यह महोत्सव 16 जनवरी से 15 फरवरी तक आयोजित किया जायेगा। इसके अंतर्गत विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। इस वर्ष सक्षम महोत्सव का घोष वाक्य 'ईंधन अधिक न खपाएं–आओ पर्यावरण बचाएं' रखा गया है।

उद्घाटन कार्यक्रम में सुबोध उनियाल, कृषि मंत्री मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित थे तथा एसजे चोपडा, कुलाधिपति, पेट्रोलियम और ऊर्जा अध्ययन विश्विद्यालय तथा डॉ. अंजन रे, निदेशक, सीएसआईआर–आईआईपी इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित थे। आईओसीएल के मुख्य रिटेल क्रय प्रबंधक मनोज जयंत ने इस समारोह के मुख्य अतिथि, विशिष्ट अतिथियो तथा अन्य उपस्थित अतिथियो व प्रतिभागियो का स्वागत किया तथा श्सक्षमश के इतिहास और वर्तमान थीम पर प्र्काश डाला।

इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सुबोध उनियाल कृषि मंत्री ने अपने उद्बोधन में पीसीआरए तथा आईआईपी को ईंधन संरक्षण के लिए किए जा रहे प्रयासों के लिए बधाई दी और उपस्थित सभी को ईंधन बचाकर राष्ट्र की आर्थिक प्रगति और पर्यावरण संरक्षण में अपना योगदान देने के लिए अनुरोध किया। उन्होंने सभी को इस सम्बंधी शपथ भी दिलवाई। इस समारोह के विशिष्ट अतिथि डॉ अंजन रे ने इस कार्यक्रम को परस्पर सम्वादात्मक बनाते हुए समारोह में उपस्थित केंद्रीय विद्यालय के बच्चों से ईंधन तथा इसके संरक्षण सम्बंधी उपाय पर चर्चा की।

समारोह के विशिष्ट अतिथि एसजे चोपडा, कुलाधिपति, पेट्रोलियम और ऊर्जा अध्ययन विश्विद्यालय (यूपीईएस) ने कहा कि आज यह अत्यावश्यक है कि हम ऊर्जा के संरक्षण के लिए ऊर्जा के व्यर्थ उपयोग को रोकें। टीवी को मेन स्विच से बंद करें व एसी को 26 से। तापमान पर चलाएं और जरूरत न हो तो इन्हें मेन स्विच से बंद करें क्योंकि स्टैंडबाय मोड़ में भी सभी उपकरण ऊर्जा की खपत करते हैं।

ऊर्जा ऑडिट नियमित रूप से होना चाहिए। युवाओं को चाहिए के वे मौसम के अनुसार अपने आप को ढालें और हीटर ए सी आदि का कम से कम उपयोग करें। अकेले जा रहे हैं तो गाड़ी की पूलिंग करें। इस अवसर पर आईआईपी द्वारा विकसित प्रौद्योगिकियों जैसे कि सामान्य तापमान पर बायोडीजल निर्माण, पीएनजी बर्नर तथा बैटरी चालित वाहन आदि की प्रदर्शनी की सभी अतिथियों तथा प्रतिभागियों ने बहुत प्रशंसा की।

### वनाधिकार आंदोलन को लेकर किशोर उपाध्याय को किया गया सम्मानित

**संवाददाता** देहरादून। उत्तराखण्ड राज्य के जनहित में जल, जंगल, जमीन के लिए पुर्व प्रदेश अध्यक्ष कांग्रेस किशोर उपाध्याय द्वारा चलाये जा रहे वनाधिकार आन्दोलन् की मुहिम को राजस्थान में बड़ा सम्मान मिला है। सम्मान समारोह में देश विदेश के 50 लोगों को पर्यावरण संरक्षक के सम्मान से सम्मानित किया गया। सम्मान मुख्य अतिथि महात्मा गांधी के पौत्र अरूण गांधी ने दिया। इस अवसर पर अरूण गांधी ने कहा कि जल संरक्षण और नदी पुर्नजीवन में काम करने वालों को सम्मानित करके बापू के कार्यो की अनुभूति महसूस हो रही है। उन्होने नदियों व जल संरक्षण के लिए काम करने वालों को शुभकामनाएं दी। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए इलाहाबाद हाईकोर्ट के पूर्व जज शंभू नाथ श्रीवास्तव ने कहा कि सबको नदियों व तालाबो तथा वन भूमि को बचाने के लिए मिलकर काम करना होगा। इस अवसर पर नांदेड़ कलेक्टर अरूण डोंगरे, पांडिचेरी कलेक्टर डा. अरूण टी, ओस्मानाबाद कलेक्टर दीपा मुंडे, उत्तराखण्ड पूर्व प्रदेश अध्यक्ष कांग्रेस किशोर उपाध्याय सहित 50 लोगों को सम्मानित किया गया।


In a Digital World Why
To wait for a Howker

Visit Us at http://app.page3news.co.in

Supporting Devices
All Apple Touch Phones & Tablets
All Android Touch Phones & Tablets
All Window & BlackBerry Touch Phones 10+







Scan This Code

Read News
Watch News Channel



स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक
प्रदीप चौधरी
द्वारा
एल.के प्रिंटर्स,74/9,आराघर,देहरादून से मुद्रित
व जाखन जोहड़ी रोड, पी.ओ.-राजपुर, देहरादून से प्रकाशित।
संपादकः प्रदीप चौधरी

सिटी कार्यालय:
शिवम् मार्केट, द्वितीय तल दर्शनलाल चौक, देहरादून।
फैक्स नं०-
0135-2650558
(M) 9319700701
pagethreedaily@gmail.com
आर.एन.आई.नं0
UTTHIN\2005\15735
सभी विवादों का न्याय क्षेत्र देहरादून ही मान्य होगा।